# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## FIRST TERM EXAMINATION (16 September 2024)
### Class – IX
### Paper-Hindi Course - B (Set-A)

Time: 3hrs. M.M. 80

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 20 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 16 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 17 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से पहले तीन प्रश्नों के उत्तर बहुविकल्पीय में से तथा 4-5 प्रश्नों के उत्तर दो तीन पंक्तियों में दीजिए।** (1+1+1+2+2=7)

विद्वान नम्रता को स्वतंत्रता की जननी मानते हैं। साधारण लोग भ्रमवश अहंकार को उसकी माता मानते हैं। वास्तव में वह विमाता है। आत्मसंस्कार हेतु स्वतंत्रता आवश्यक है। मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करने के लिए आत्मनिर्भरता ज़रूरी है। आत्ममर्यादा के लिए आवश्यक है कि हम बड़ों से सम्मानपूर्वक, छोटों और बराबर वालों के साथ कोमलता का व्यवहार करें। नम्रता का अर्थ दूसरों का मुँह ताकना नहीं है। इससे तो प्रज्ञा मंद पड़ जाती है। संकल्प क्षीण होता है, विकास रुक जाता है तथा निर्णय क्षमता नहीं आती। मनुष्य को अपना भाग्य विधाता स्वयं होना चाहिए। अपने फ़ैसले तुम्हें स्वयं ही करने होंगे। विश्वासपात्र मित्र भी तुम्हारी ज़िम्मेदारी नहीं ले सकता। हमें अनुभवी लोगों के अनुभवों से लाभ उठाना चाहिए, लेकिन हमारे निर्णयों तथा हमारे विचारों से ही हमारी रक्षा भी होगी और पतन भी होगा। हमें नज़रें तो नीची रखनी हैं, लेकिन रास्ता भी देखना है। हमारा व्यवहार कोमल तथा लक्ष्य उच्च होना चाहिए।

क. कौन लोग नम्रता को स्वतंत्रता की माता मानते हैं ?

1) साधारण लोग 2) मित्र गण 3) विद्वान लोग 4) धनवान लोग

ख. आत्म मर्यादा के लिए क्या आवश्यक है?

1) मर्यादापूर्वक जीवन बिताना 2) विश्वासपात्र मित्र 3) आत्मनिर्भरता 4) पराधीनताग

ग. हमारे पतन के लिए कौन उत्तरदायी है?

1) हमारे निर्णय और विचार 2) लोगों के अनुभव 3) हमारे मित्र 4) अहंकार

घ. आत्मनिर्भर बनने के लिए मनुष्य को कैसा बनना होगा?

ड. मर्यादा पूर्वक जीवन जीने के लिए क्या-क्या जरूरी है?

**प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से पहले तीन प्रश्नों के उत्तर बहुविकल्पीय में से तथा 4-5 प्रश्नों के उत्तर दो तीन पंक्तियों में दीजिए।** (1+1+1+2+2=7)

"जब कोई युवा अपने घर से बाहर निकल कर बाहरी संसार में अपनी स्थिति जमता है, तब पहली कठिनता उसे मित्र चुनने में होती है। यदि उसकी स्थिति बिल्कुल एकांत और निराली नहीं रहती तो उसकी जान पहचान के लोग धड़ाधड़ बढ़ते जाते हैं, और थोड़े ही दिनों में कुछ लोगों से उसका मेल जोल हो जाता है।

A-1

CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

यही हेल- मेल बढ़ते- बढ़ते मित्रता के रूप में परिणत हो जाता है। मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर उसे जीवन की सफलता निर्भर हो जाती है, क्योंकि संगति का बड़ा भारी गुप्त प्रभाव हमारे आचरण पर पड़ता है। हम लोग ऐसे समय में समाज में प्रवेश करके अपना कार्य आरंभ करते हैं ,जबकि हमारा चित्त कोमल और हर तरह का संस्कार ग्रहण करने योग्य रहता है ।हमारे भाव अपरिमार्जित और हमारी प्रवृत्ति अपरिपक्व रहती है ।हम लोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं, जिसे जो जिस रूप में चाहे, उसे रूप में ढाले चाहे राक्षस बनाए, चाहे देवता। ऐसे लोगों का साथ करना हमारे लिए बुरा है, जो हमसे अधिक दृढ़ संकल्प के हैं, क्योंकि हमें उनकी हर बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है। पर ऐसे लोगों का साथ करना और भी बुरा है जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं, क्योंकि ऐसी दशा में ना तो हमारे ऊपर कोई नियंत्रण रहता है और ना हमारे लिए कोई सहारा रहता है। कैसे आश्चर्य की बात है के लोग एक घोड़ा लेते हैं तो उसके सौ गुण-दोष को परख कर लेते हैं ,पर किसी को मित्र बनाने में उसके पूर्व आचरण और स्वभाव आदि का कुछ भी विचार और अनुसंधान नहीं करते। वह उसमें सब बातें अच्छी ही अच्छी मानकर अपना पूरा विश्वास जमा देते हैं।

क. जब कोई युवा घर से बाहर निकलता है तो उसे किस कठिनाई का सामना करना पड़ता है?

1) ठहरने के लिए आवास की 2) भोजन की 3) मित्र चुनाव की 4) यातायात के साधन की

ख. कैसे लोगों का मेलजोल शीघ्र बढ़ जाता है?

1) जो एकांत प्रिय होते हैं । 2) जो बहुत कम बोलते हैं।

3) जो वाक्पटु नहीं होते। 4) जिनकी स्थिति बिल्कुल एकांत और निराली नहीं रहती।

ग. कैसे लोगों का साथ करना हमारे लिए बुरा है?

1) जो हमसे अधिक दृढ़ संकल्प के हैं। 2) जो बहुत निर्धन है।

3) जो हमसे अधिक बलवान है। 4) जो हमसे अधिक विद्वान है।

घ. हम कैसे समय में समाज में प्रवेश करते हैं?

ङ. हम घोड़े और मित्र का चुनाव कैसे करते हैं?

**प्रश्न 3 निम्नलिखित में से कोई दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2)

क. शब्द व्याकरणिक नियमों में बंधकर क्या बन जाता है?

ख. 'सागर ,मदन, गुलाब' क्या है?

ग. शब्द और पद में क्या अंतर है?

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2)

क) (पाचवा) शब्द में उचित स्थान पर अनुस्वार व अनुनासिक चिन्ह का प्रयोग करें।

ख) (सगमरमर) में उचित स्थान पर अनुस्वार व अनुनासिक चिन्ह का प्रयोग करें।

ग) कोई दो शब्द लिखें जिसमें अनुस्वार चिन्ह का प्रयोग होता है।

**प्रश्न 5 कोई चार के उत्तर दें।** (4)

(क) उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए:

1) अत्याचार

2) परिचालक

(ख) प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए

चमकीला

A-2

CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

(ग) 'नि' उपसर्ग लगाकर दो नए शब्द बनाएँ।

(घ) 'इन' प्रत्यय लगाकर दो नए शब्द बनाएँ ।

(ङ) 'चिकनाहट' शब्द में से मूल तथा प्रत्यय अलग कीजिए।

**प्रश्न 6. निम्नलिखित संधि के किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (3)

संधि विच्छेद करें:-

1) एकैक

2) परोपकार

3) संधि करें:- देव + आलय, पो +अन

4) नै+अक, मही+इंद्र

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से कोई दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (वाक्यों में विराम चिन्ह लगाएं)** (2)

क) उसने मोटू को गाली दी फिर भी वह चुप रहा

ख) योजक चिन्ह लगाकर कोई दो शब्द लिखें।

ग) क्या आप बाज़ार जा रहे हैं

**प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य के भेदों के नाम बताएं। (कोई तीन प्रश्न करें)।** (3)

क) 'देश में आंतकवादियों का खौफ शायद अभी भी है ।

ख) अरे वाह ! आपके पास मधुर वाणी है।

ग) मुझे वह पुस्तक उठा कर दो।

घ) क्या वह मुझसे डरता है?

**प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए।** (5)

उपनेता प्रेमचन्द, जो अग्रिम दल का नेतृत्व कर रहे थे, 26 मार्च को पैरिच लौट आए। उन्होंने हमारी पहली बड़ी बाधा खुंभु हिमपात की स्थिति से हमें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उनके दल ने कैंप एक (6000 मीटर), जो हिमपात के ठीक ऊपर है, वहाँ तक का रास्ता साफ कर दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि पुल बनाकर, रस्सिया बाँधकर तथा झंडियों से रास्ता चिन्हित कर, सभी बड़ी कठिनाइयों का जायजा ले लिया गया है। उन्होंने इस पर भी ध्यान दिलाया कि ग्लेशियर बर्फ की नदी है और बर्फ का गिरना अभी जारी है। हिमपात में अनियमित और अनिश्चित बदलाव के कारण अभी तक के लिए किए गए सभी काम व्यर्थ हो सकते हैं और हमें रास्ता खोलने का काम दोबारा करना पड़ सकता है।

1.मार्ग में आने वाली कठिनाइयों का जायज़ा लेने हेतु क्या - किया गया ?

(क) पुल बनाए (ख) रस्सियाँ बाँधी (ग) झंडियाँ लगाई गईं। (घ) उपर्युक्त सभी

2. प्रेमचन्द ने पहली सबसे बड़ी बाधा किसे बताया?

(क) हिम शिखर (ख) हिमपात दरार (ग) हिम खण्ड (घ) खुम्भु हिमपात

3. रास्ता खोलने का काम दुबारा क्यों करना पड़ सकता था ?

(क) पर्वत शिखर पर वर्षा हो रही थी। (ख) चट्टानों से हिमखण्ड गिर रहे थे।

(ग) ग्लेशियर में बर्फ़ ज़्यादा थी। (घ) पर्वत शिखर पर हिमपात जारी था।

4. प्रेमचंद कौन थे?

(क) अग्रिम दल के कप्तान (क) अग्रिम दल के उपनेता (ग) अग्रिम दल के लीडर (घ) अग्रिम दल के गाइड



CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

5.अनियमित शब्द का विलोम शब्द है-

(क) अमित (ख) रोजाना (ग) कभी-कभी (घ) नियमित

**प्रश्न 10.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (5)

गाकर गीत विरह के तटिनी, वेगवती बहती जाती है।
दिल हलका कर लेने को, उपलों से कुछ कहती जाती है।
तट पर एक गुलाब सोचता, "देते स्वर यदि मुझे विधाता।
अपने पतझर के सपनों का, मैं भी जग को गीत सुनाता।"
गा-गाकर वह रही निर्झरी, पाटल मूक खड़ा तट पर है।
गीत, अगीत, कौन, सुंदर है?

(1) प्रस्तुत पद्यांश में कवि द्वारा किसका वर्णन किया जा रहा है?

(क) नायिका के सौंदर्य का (ख) कवि की भावनाओं का

(ग) प्रकृति की सुंदरता का (घ) मजदूर की विवशता का

2. कवि ने प्रस्तुत पद्यांश में किस प्रकार का तुलनात्मक प्रश्न किया है

(क) नदी और समंदर में से कौन बड़ा है?

(ख) पहाड़ और तिल में कौन विशाल है?

(ग) नायक और नायिका में से कौन सुंदर है?

(घ) गीत और अगीत में से कौन सुंदर है?

3. कवि ने 'तटिनी' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है?

(क) स्त्री के लिए (ख) नदी के लिए (ग) पक्षी के लिए (घ) गुलाब के फूलों के लिए

4. पद्यांश के अनुसार नदी के संबंध में कौन सा कथन सही नहीं है।

(क) नदी वेगवती है ।

(ख) नदी वियोग के गीत गाती है ।

(ग) नदी कल- कल करती हुई किनारो से टकराती हुई आगे बढ़ती है।

(घ) नदी की दिशा निश्चित होती है।

5. गुलाब विधाता से क्या मांग रहा है ?

(क) गुलाब की खुशबू (ख) हरा भरा बागीचा (ग) नदी का पानी (घ) बोलने के लिए स्वर

**प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर संक्षेप में दीजिए।** (2+2+2=6)

(क) "जैसे वायु की लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर गिरने नहीं देती, उसी तरह खास परिस्थितियों में हमारी पोशाक हमें झुक सकने में रोके रहती है।" स्पष्ट कीजिए।

(ख) सम्मिलित अभियान में सहयोग एवं सहायता की भावना का परिचय बछेंद्री पाल के किस कार्य से मिलता है?

(ग) हिमपात किस तरह होता है और उससे क्या-क्या परिवर्तन आते हैं?

(घ) अतिथि सदैव देवता नहीं होता,वह मानव और थोड़े अंशों में राक्षस भी हो सकता है, पाठ के आधार पर स्पष्ट करें।

CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

(ख) प्रेम ... ने क्या सलाह दी है? क्या वह उचित है?

(ग) "रहिमन देखि बडेन को लघु न दीजिये डारि"। इसके माध्यम से रहीम जी क्या संदेश देना चाहते हैं?

(घ) कवि ने अगीत को गीत के समान महत्व क्यों दिया है?

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (4+4=8)

(क) लेखिका को पशु पक्षियों से अत्यधिक प्रेम था। उनके घर में बहुत से पशु पक्षी थे, लेकिन गिल्लू उन में विशिष्ट था। कैसे?

(ख) गिल्लू लेखिका को किस अवस्था में मिला? उन्होंने उसका उपचार कैसे किया? इससे उनकी किस विशेषता का पता चलता है?

(ग) 'स्मृति' पाठ में आई किस बात से पता चलता है कि लेखक के छोटे भाई को उससे अत्यधिक स्नेह था।

**प्रश्न 14 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।** (5)

**(क) मेक इन इंडिया**

संकेत- बिंदु:-योजना का उद्देश्य, योजना का शुभारंभ, योजना की परिकल्पना, योजना का परिणाम।

**(ख) विद्यार्थी और अनुशासन**

संकेत -बिंदु :-अनुशासन का आशय, विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व, आंतरिक तथा बाहरी अनुशासन में अंतर, विद्या ग्रहण त्याग का मार्ग।

**(ग) कोरोना और उसके बाद की दुनिया**

संकेत- बिंदु:-कोरोना एक भयंकर महामारी, जन- धन की अपार क्षति, नियंत्रण, जन-जीवन में बदलाव।

**प्रश्न 15.** सामाजिक सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत किसी ग्राम में सफाई अभियान के अनुभवों का उल्लेख करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

धूम्रपान करने वाले मित्र को इसकी हानियां बताते हुए इस व्यसन को त्यागने के लिए प्रेरित करते हुए पत्र लिखिए।

**प्रश्न 16** बढ़ती हुई अनुशासनहीनता के दौर में कक्षा में दो छात्रों के मध्य होने वाले संवाद को लिखें। (5)

**अथवा**

बढ़ती महंगाई पर चिंतित दो महिलाओं के मध्य संवाद को लिखें। (5)

**प्रश्न 17 निम्नलिखित चित्र का वर्णन 50-60 शब्दों में कीजिए।**



CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## FIRST TERM EXAMINATION (16 September 2024)
### Class – IX
### Paper-Hindi Course - B (Set-B)

M.M. 80

Time: 3hrs.

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 20 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 16 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 17 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से पहले तीन प्रश्नों के उत्तर बहुविकल्पीय में से तथा 4-5 प्रश्नों के उत्तर दो तीन पंक्तियों में दीजिए।** (1+1+1+2+2=7)

मन के भावों के आदान-प्रदान के लिए केवल मनुष्य को ही वाणी का वरदान प्राप्त है। पशु-पक्षी अपने भावों को शारीरिक मुद्राओं और अन्य संकेतों द्वारा प्रकट करते हैं। वाणी के अनेक रूप हैं, जो भाषा या बोली कहलाते हैं। संसार में इस समय भाषा और बोली के तीन हज़ार से भी अधिक रूप प्रचलित हैं। प्रायः सभी स्वतंत्र देशों की अपनी-अपनी भाषाएँ हैं। उनके साथ स्थानीय बोलियाँ भी हैं, जो भाषा का ही प्रादेशिक रूप हैं। सबसे अधिक सुगम, सरल और स्वाभाविक भाषा मातृभाषा कहलाती है। यह बालक को उसके परिवार से संस्कार के रूप में मिलती है। अन्य भाषाएँ अर्जित भाषाएँ होती हैं, जो अभ्यास द्वारा सीखी जाती हैं। अपने घर-परिवार, वर्ग, जाति और देश के मध्य विचारों के आदान-प्रदान के लिए सबसे सरल भाषा मातृभाषा ही है। अपनी मातृभाषा द्वारा जितनी सहजता से भाव व्यक्त किए जा सकते हैं, वैसी सहज-सामर्थ्य किसी अन्य अर्जित भाषा में नहीं होती। विदेशी शासक जब किसी देश को जीतकर अपने शासन में लेते हैं, तब वे सबसे पहले विजित देश की भाषा के स्थान पर अपनी भाषा को शासन की भाषा बनाते हैं। भाषा के माध्यम से विदेशी शासक अपनी सभ्यता और संस्कृति की छाप विजित देश पर छोड़ते हैं। इसलिए प्रत्येक राष्ट्र को अपनी भाषा के प्रयोग के संबंध में सावधान रहना चाहिए। राष्ट्र की एकता और पारस्परिक सौहार्द को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए राष्ट्रभाषा की आवश्यकता में किसी को संदेह नहीं है।

1. भावों के आदान-प्रदान के लिए वाणी का वरदान केवल किसे प्राप्त है-

(क) पशुओं को (ख) मनुष्य को (ग) पक्षियों को (घ) इनमें से कोई नहीं।

2. पशु-पक्षी अपने भावों को कैसे प्रकट करते हैं-

(क) शारीरिक मुद्राओं द्वारा (ख) वाणी द्वारा (ग) भाषा द्वारा (घ) इनमें से कोई नहीं।

3. लेखक के अनुसार सबसे अधिक सुगम, सरल और स्वाभाविक भाषा कौन-सी होती है-

(क) राष्ट्रभाषा (ख) मातृभाषा (ग) प्रादेशिक भाषा (घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 4. वाणी के कितने रूप प्रचलित हैं?

प्रश्न 5. मातृभाषा की क्या विशषताएँ है? कुछ पंक्तियां लिखें।

B-1

CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से पहले तीन प्रश्नों के उत्तर बहुविकल्पीय में से तथा 4-5 प्रश्नों के उत्तर दो तीन पंक्तियों में दीजिए। (1+1+1+2+2=7)

जनसाधारण की भलाई के लिए सरकारी तथा गैर-सरकारी संस्थाओं के कुछ ऐसे विज्ञापन दिए जाते हैं, जिनका लक्ष्य अच्छी सरकार, सामुदायिक विकास, वैज्ञानिक सफलताएँ, शिक्षा-सुधार, सार्वजनिक स्वास्थ्य, वन्य प्राणी-रक्षा, यातायात सुरक्षा तथा धार्मिक एकता को बनाए रखना होता है। इसके अतिरिक्त इनसे बाज़ारों में उपभोक्ता को उत्पाद-वस्तुओं के चयन में सहायता मिलती है। कृषि के क्षेत्र में किसानों को कीटनाशक औषधियों और उनके प्रयोग करने की जानकारी, परिवार नियोजन तथा बच्चों को टीका लगाने की जानकारी आकाशवाणी तथा दूरदर्शन पर प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापनों से मिल सकती है। समाज कल्याण संबंधी संस्थाओं के विज्ञापनों का मुख्य लक्ष्य जनता में विवेक उत्पन्न करना, उसके जीवन-स्तर को ऊँचा उठाना, उसका सांस्कृतिक, बौद्धिक तथा आध्यात्मिक विकास करना आदि रहा है। आधुनिक युग में विज्ञापन जीवन के अभिन्न अंग बन गए हैं। उपभोक्ता को शिक्षित करना, उत्पादक को लाभ पहुँचाना, विक्रेता की सहायता करना, उत्पादक तथा उपभोक्ता के बीच मधुर संबंध स्थापित करना तथा लोक-सेवा करना विज्ञापन के प्रमुख कार्य हैं। इस प्रकार आज हमारा संपूर्ण जीवन विज्ञापनमय हो गया है।

1. प्रस्तुत गद्यांश में किसका वर्णन है-

(क) जीवन का (ख) धन का (ग) विज्ञापन का (घ) विज्ञान का।

2. विज्ञापन से उपभोक्ता को क्या लाभ है-

(क) वस्तुएँ सस्ती मिलती हैं (ख) वस्तुएँ महँगी मिलती हैं

(ग) वस्तुओं के चयन में सहायता मिलती है (घ) वस्तुएँ अधिक मिलती हैं।

3. समाज-कल्याण संबंधी संस्थाओं के विज्ञापनों का लक्ष्य है-

(क) जनता में विवेक जगाना

(ख) जीवन-स्तर को ऊँचा उठाना

(ग) जनता का सांस्कृतिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक विकास करना

(घ) उपर्युक्त सभी

4. कृषि क्षेत्र में तथा परिवार नियोजन में विज्ञापन द्वारा हमें क्या-क्या जानकारी मिलती है?

5. आधुनिक युग में विज्ञापन के द्वारा उपभोक्ता को क्या-क्या लाभ प्राप्त होते हैं?

**प्रश्न 3 निम्नलिखित में से कोई दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2)

क) पद किसे कहते हैं एक उदाहरण दें?

ख) राधा, मोहन, कृष्णा शब्द है या पद?

ग) मोहन बाजार से सब्जी लाया। वाक्य में (सब्जी) शब्द है या पद?

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2)

क) 'सबध' शब्द में उचित स्थान पर अनुस्वार व अनुनासिक चिन्ह का प्रयोग करें।

ख) 'सवारना' में उचित स्थान पर अनुस्वार व अनुनासिक चिन्ह का प्रयोग करें।

ग) जंगल, उँगली, अंश ,साँतवा शब्दों में से अनुनासिक के सही प्रयोग वाले शब्द का चयन करें।

**प्रश्न 5 कोई चार के उत्तर दें।** (4)

(क) उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए:

1) पर्यावरण

2) सहकारिता

B-2

CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

(ख) 'सत्' उपसर्ग लगाकर दो नए शब्द बनाएँ।

(ग) प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए

रसीला

(घ) 'वाला' प्रत्यय लगाकर दो नए शब्द बनाएँ।

(ङ) 'स्वदेशी' शब्द में से उपसर्ग तथा मूल अलग कीजिए।

**प्रश्न 6. निम्नलिखित संधि के किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (3)

संधि विच्छेद करें:-

1) अत्यधिक

2) पुस्तकालय

3) संधि करें:- नदी + ईश, सदा + एव

4) ने + अन, रमा + ईश

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से कोई दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (वाक्यों में विराम चिन्ह लगाएं)** (2)

क) (दिन-रात) में लगे विराम चिन्ह का नाम बताएँ।

ख) हां मैं चल सकता हूँ (वाक्य में विराम चिन्ह लगाएं)

ग) मोहित ने कहा कि मैं पुस्तकालय जाऊँगा (विराम चिन्ह लगाएं)

**प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य के भेदों' के नाम बताएं। (कोई तीन प्रश्न करें)।** (3)

क) मेरे लिए खाना लाओ। ख) नव वर्ष की शुभकामनाएँ।

ग) छिः! कितनी गंदगी है। घ) अगर तुम आती तो हम बाज़ार चलते।

**प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए।** (5)

उस दिन जब तुम आए थे, मेरा हृदय किसी अज्ञात आशंका से धड़क उठा था। अंदर-ही-अंदर कहीं मेरा बटुआ काँप गया। उसके बावजूद एक स्नेह-भीगी मुस्कराहट के साथ मैं तुमसे गले मिला था और मेरी पत्नी ने तुम्हें सादर नमस्ते की थी। तुम्हारे सम्मान में ओ अतिथि, हमने रात के भोजन को एकाएक उच्च-मध्यम वर्ग के डिनर में बदल दिया था। तुम्हें स्मरण होगा कि दो सब्ज़ियों और रायते के अलावा हमने मीठा भी बनाया था। इस सारे उत्साह और लगन के मूल में एक आशा थी। आशा थी कि दूसरे दिन किसी रेल से एक शानदार मेहमाननवाज़ी की छाप अपने हृदय में ले तुम चले जाओगे। हम तुमसे रुकने के लिए आग्रह करेंगे, मगर तुम नहीं मानोगे और एक अच्छे अतिथि की तरह चले जाओगे। पर ऐसा नहीं हुआ।

1. लेखक का बटुआ अंदर ही अंदर क्यों काँपने लगा ?

(क) लेखक का बजट गड़बड़ा गया था (ख) लेखक के बटुए में वाइब्रेशन हो रही थी।

(ग) लेखक के हाथ काँपने के कारण (घ) इनमें से कोई नहीं

2. 'तुम कब जाओगे अतिथि' पाठ में लेखक ने कैसे लोगों पर व्यंग्य किया है।

क) फिल्म निर्माता पर ख) शिक्षा व्यवस्था पर ग) राजनेताओं पर

घ) ऐसे अतिथियों पर जो आकर जाने का नाम नहीं लेते

3. मेहमान के आते ही लेखक पर क्या प्रतिक्रिया हुई?

क) लेखक उतावला हो गया ख) लेखक क्रोधित हो गया

ग) लेखक खुश हो गया घ) लेखक भयभीत हो गया

B-3

CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

4. लेखक को अतिथि से क्या उम्मीद थी?

क) वह कुछ काम करेगा ख) वह अगले ही दिन चला जाएगा

ग) वह लेखक की मदद करेगा घ) इनमें से कोई नहीं

5. लेखक तथा उसकी पत्नी ने मेहमान का किस प्रकार स्वागत किया?

क) आदर व स्नेहपूर्वक ख) मैत्रीपूर्ण व प्रसन्नता पूर्वक ग) आशंका पूर्वक घ) (क) व (ख) दोनों

**प्रश्न 10.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (5)

*धन रहीम जल पंक को, लघु जिय पिअत अघाय ।
उदधि बढ़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय ।।
बिगरी बात बनै नहीं, लाख करौ किन कोय।
रहिमन फाटे दूध को, मथे न माखन होय ।।

1.रहीम ने किस जल को उपयोगी कहा है?

(क) नदी के जल को (ख) कीचड़ के जल को (ग) कुएँ के जल को (घ) सरोवर के जल को

2. समुद्र का जल व्यर्थ क्यों है?

क) उसमें ज्वार भाटा आता है ख) वह खारा होता है

ग) वह विशाल जल राशि का भंडार होता है घ) सामान्यतः वह आबादी से दूर होता है

3. सही कथन वाला वाक्य चुने:-

क) बिगड़ी बात सहजता से बन सकती है

ख) बिगड़ी बात बनकर भी टूट जाती है।

ग) जब एक बार बात बिगड़ जाती है तो लाख प्रयत्न करने पर भी नहीं बनती।

घ) बातें बिगड़कर बनती भी हैं, टूटी भी रहती हैं।

4. किसको मथने से मक्खन नहीं मिलता?

क) फटा दूध ख) ताजा दूध ग) खट्टा दही घ) मलाई युक्त दूध

5. कवि का पंक से क्या तात्पर्य है?

क) कीचड़ ख) गुलाब ग) मोर घ) पंख

**प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर संक्षेप में दीजिए।** (2+2+2=6)

(क) जब अतिथि चार दिन तक नहीं गया तो लेखक के व्यवहार में क्या-क्या परिवर्तन आए?

(ख) लेखक अतिथि को कैसी विदाई देना चाहता था?

(ग) "एवरेस्ट जैसे महान अभियान में खतरों को और कभी-कभी तो मृत्यु भी आदमी को सहज भाव से स्वीकार करनी चाहिए"। स्पष्ट कीजिए।

(घ) लेखक ने अपने पड़ोस की संभ्रांत महिला के पुत्र-वियोग की दशा का जो वर्णन किया है उसे स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।** (2+2+2=6)

(क) "अपने पतझड़ के सपनों का मैं भी जग को गीत सुनाता", पंक्ति का क्या आशय है, स्पष्ट कीजिए।

(ख) हमें अपने मन की व्यथा दूसरों से क्यों नहीं सुनानी चाहिए? रहीम जी के संदर्भ में आशय स्पष्ट करें.

(ग) प्रेम का धागा टूटने पर पहले की भांति क्यों नहीं हो पाता?

(घ) अनेक साधु संतों जैसे 'नामदेव -कबीर' आदि का उल्लेख करके रैदास जी क्या स्पष्ट करना चाहते हैं?

B-4

CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

प्रश्न 13. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (4+4=8)

(क) मनुष्य के प्रेम की सीमाएँ अनंत हैं। वह चाहे तो पशु पक्षियों में भी प्रेम भरा संसार ढूंढ सकता है,इस दृष्टि से महादेवी वर्मा के पशु- प्रेम पर प्रकाश डालिए। (पाठ गिल्लू के आधार पर)

(ख) अपनी शक्ति के अनुसार योजना बनाने वाला ही सफल होता है। 'स्मृति' पाठ के आधार पर इस कथन की विवेचना कीजिए।

(ग)'स्मृति' पाठ पढ़ने के बाद किन-किन बाल सुलभ शरारतों के विषय में पता चलता है। स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 14 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।** (5)

**(क) डिजिटल इंडिया**

संकेत-बिंदु:- परिचय, अभियान का प्रारंभ, डिजिटल इंडिया के प्रमुख स्तंभ, लाभ, कमियां।

**(ख) देश प्रेम**

संकेत-बिंदु:- जन्मभूमि की महिमा, जन्मभूमि का परोपकारी रूप, देश प्रेम और त्याग की भावना, देश के प्रति कर्त्तव्य ।

**(ग) नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति**

संकेत-बिंदु:- नई राष्ट्रीय शिक्षा -नीति जारी, नई राष्ट्रीय शिक्षा-नीति के प्रमुख प्रावधान, देश के विकास में योगदान।

**प्रश्न 15.** आपकी सखी वंदना आगे की पढ़ाई के लिए अमेरिका जा रही है, उसकी मंगल यात्रा के लिए शुभकामना पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**


अपनी सखी/मित्र के पिताजी के आकस्मिक निधन पर उसे सांत्वना पत्र लिखिए। (5)

**प्रश्न 16.** वृद्ध आश्रम की यात्रा के दौरान छात्र व वृद्ध के मध्य संवाद लिखें। (5)

**अथवा**

'बढ़ रहे भ्रष्टाचार' के विषय पर दो मित्रों के मध्य संवाद लिखें।

**प्रश्न 17. निम्नलिखित चित्र का वर्णन 50 से 60 शब्दों में कीजिए।** (5)



CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner